नगर निगम सदन की बैठक में महापौर ने दिये जवाब

# 7 ट्रीटमेंट प्लांट तैयार, 10 श्मशान 8 तालाब की बन रही डीपीआर

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शुक्रवार को नगर निगम सदन में बताया कि नर्मदा में गंदे नालों को रोकने के लिये जारी कार्य अंतिम चरण में है। 17 करोड़ की लागत से बनाए गये 7 ट्रीटमेंट प्लांट जल्द ही नर्मदा के निर्मल जल में गंदा पानी रोकने का काम शुरु कर देंगे। महापौर ने विपक्ष से उक्त प्लांटों के निरीक्षण का भी आग्रह किया। वहीं महापौर ने सदन को बताया कि इसके अलावा 10 शमसान घाट और 8 तालाबों की डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। जिसे एमआईसी से पास कर दिया गया, टेंडर प्रक्रिया जारी है। वहीं रद्दी चौकी और दमोहनाका के बीच गोहलपुर नाले के ऊपर बने पुल पर हुये हादसे के सवाल पर महापौर ने बताया पूर्व में इस नाले के विकास के लिये 1 करोड 97 लाख का टेंडर हुआ था। जो तकनीकी कारणों से नहीं हुआ। नया टेंडर जारी कर दिया गया है। जल्द ही इसका कार्य शुरु होगा। शुक्रवार को नगर निगम की बैठक में महापौर ने लम्बा वक्तव्य दिया। उन्होंने दो दिनों में पूछे गये सवालों को क्रमवार जवाब दिया। नगर निगम में अब हुये कार्य और प्रस्तावित कार्यों की भी जानकारी दी। वहीं साथी पार्षदों द्वारा ध्यानाकर्षित कराए गये विषयों के जल्द निराकरण का आवश्वास दिया।






## बने रहेंगे सनखेरे !

नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने इसी माह रिटायर हो रहे डिप्टी कमिश्नर सनखेरे के एक्सटेंशन का मुद्दा अन्य विषय में उठाया, जिस पर मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित सभी पार्षदों ने यह स्वीकार किया कि उनके न रहने पर राजस्व विभाग वैसा नहीं चल पाएगा जैसा कि चल रहा है। महापौर ने कहा कि नगर निगम को पीएन सनखेरे जैसे अधिकारी के अनुभव की सख्त आवश्यकता है, इसलिए उनके एक्सटेंशन का प्रस्ताव एमआईसी में लाकर शासन को भेजा जाएगा।

## टैक्स विसंगति दूर हो

वार्ड नंबर 79 की पार्षद रजनी साहू ने सदन में संपत्तिकर में विसंगति के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि उनका वार्ड ग्रामीण से शहर में आया है, जहां न तो शहर जैसी सुविधाएं हैं न ही विकास कार्य हो रहे है, फिर भू-भाड़ा समान क्यों है। उनका कहना था कि यह बहुत बड़ी विसंगति है, जिसे जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए। उनकी इस बात पर भी मेयर ने सहमति जताई और कहा कि जल्द से जल्द इस विसंगति से ग्रामीण अंचल के वार्डों के वाशिंदों को राहत दिलाई जाएगी। वहीं भाजपा पार्षद डॉ. सुभाष तिवारी ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैद्य करने का काम ठंडे बस्ते में जाता जा रहा है। उन्होंने बताया कि घोषणा के बाद इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग पार्षदों के पास जाकर अपनी व्यथा सुना रहे हैं लेकिन कॉलोनी सेल इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। अधिकार यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमारे पास सर्वेयर ही नहीं है तो कहां से अवैध कॉलोनियों का सर्वे करा लें।


# मेंटिनेंस की कमी से खराब हो रहे वाहन

## राह चलते बंद हो जाती है कचरा कलेक्शन गाड़ियां

**जबलपुर।** शहर को साफ सुथरा रखने जिन वाहनों से कचरा कलेक्शन कराया जा रहा है। उनका ही हाल आज बेहाल है। जिससे आए दिन शहर की सड़कों कालोनियां में यह वाहन खराब होकर किनारे खड़े मिलते हैं। सबसे खराब स्थिति नगर निगम के टिपर की है जिसका बीच रास्ते में बंद होना आम बात हो गई। जिसके बाद इन वाहनों को टोचन करके वर्पशॉप तक पहुंचाया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के पास 184 टिपर वाहन हैं। इसके अलावा कार, मिनीट्रक, ट्रक, हाइवा, डम्पर, जेसीबी, मिनी हितैची, रोलर, जीप, ट्रैक्टर, फायरबिग्रेड वाहन आदि भी हैं। इस हिसाब से कुल 571 वाहन निगम के पास हैं। इन वाहनों की मरम्मत के पास कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। जिससे जहां यह वाहन जल्दी खराब हो रही है, वहीं वक्त से पहले इन्हें अलग करने की नौबत आ रही है।

### कचरा कलेक्शन प्रभावित

नियमित रूप से कचरा कलेक्शन में लगे टिपर में सबसे ज्यादा खराबी हो रही है। इसमें कई जगहों पर इन वाहनों के खड़े होने के बाद उन्हें अन्य टिपर से टोचन करके वर्पशॉप तक ला रहा है। वाहनों के मेंटीनेंस से सबसे अधिक प्रभावित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। खराब होते वाहनों के चलते शहर के बड़े हिस्से में कचरा कलेक्शन में लगे वाहन सप्ताह में सिर्फ तीन या चार दिन ही पहुंच पाते हैं। यह अब शहर की सामान्य समस्यसा है कि उनके क्षेत्र में आने वाले टिपर अक्सर खराब होने के कारण नियमित नहीं आते। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



# टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर के चयनित स्थल पहुंचे कलेक्टर

**जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने शुक्रवार को 15 वें वित्त आयोग के ईनक्यूबेशन ऑफ 8 न्यू सिटीज के तहत जबलपुर में टेक्सटाइन एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर के लिये भटौली के समीप चयनित भूमि का निरीक्षण किया ।**

इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के सीईओ चंद्रप्रताप गोहिल ने प्रस्तावित परियोजना के हर पहलू से कलेक्टर सक्सेना को अवगत कराया। बता दें कि 15 वें वित्त आयोग के इन्क्यूबेशन ऑफ 8 सिटीज (ग्रीन फील्ड सिटी) के तहत जबलपुर टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर का प्रस्ताव भारत शासन को प्रेषित किया गया है। इसकी कुल लागत 3 हजार 727 करोड़ रुपये है। इस योजना का कुल क्षेत्र 332 हेक्टेयर प्रस्तावित है। जबलपुर पूर्व से ही गारमेंट व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। इसे विस्तार देने के लिये ही जबलपुर टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर प्रस्तावित किया गया है। जो पर्यावरण को ध्यान में रखतें हुये नेट जीरो डिस्चार्ज एवं ग्रीन प्रौद्योगिकी का समावेश शामिल है। साथ ही पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप के माध्यम से होटल, अस्पताल, स्कूल, मॉल, लॉजिस्टिक पार्क, हाईराइज एवं अन्य रहवासी इमारतों का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित क्लस्टर से 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा 20 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन की संभावना है।

# निलंबन की कार्रवाई से पटवारी भड़के

## कलेक्टर से की चर्चा



जबलपुर।

धान खरीदी में लापरवाही बरतने पर दो पटवारियों को निलंबित किए जाने के बाद पटवारियों में आक्रोश भड़क उठा। पटवारी संघ कलेक्ट्रेट जा पहुंचा और आक्रोशित पटवारियों ने कहा कि अब ऐसा नहीं चलेगा, अब हम पहले वाले कुर्ता छाप पटवारी नहीं हैं। आक्रोशित हो कलेक्ट्रेट पहुंचे पटवारियों के तेवर उस वक्त ठंडे पड़ गए जब कलेक्टर से बंद कमरे में चर्चा हुई। चर्चा क्या हुई यह तो नहीं पता चला, लेकिन पटवारियों का कहना है कि कलेक्टर से मुलाकात कर निलंबन की कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज कराई। वहीं धान उपार्जन में आ रही कठिनाईयों से भी अवगत कराया। पटवारी संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में पहुंचे पटवारियों ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से मुलाकात की और समस्याओं से भी अवगत कराया। गौरतलब है कि धान उपार्जन के पंजीयन के सत्यापन में अनियमितता बरतने के मामलें में एक दिन पहले ही दो पटवारियों मंझौली तहसील के हल्का नम्बर एक, सात और दस के पटवारी राहुल पटेल एवं इसी तहसील के हल्का नम्बर 13 के पटवारी अभिषेक कुमार विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये कराये गये पंजीयनों के सत्यापन में अनियमित्ता बरतने के मामले में कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर सिहोरा के तत्कालीन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी धीरेन्द्र सिंह एवं प्रभारी तहसीलदार मंझौली आदित्य जंघेला को आरोप पत्र जारी किये गये हैं।

## 24 घंटे के अंदर दिया नया टपरा

**जबलपुर।** गत दिवस नगर निगम के अतिक्रमण शाखा द्वारा सघन बाजार क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के दौरान अंजलि जाट समोसा सेन्टर को जे.सी.बी. से तोड़ दिया गया। जिसका वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और निगम प्रशासन को आलोचना का शिकार होना पड़ा। शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं निगमायुक्त प्रीति यादव ने संज्ञान में लिया और 24 घंटे के अंदर उक्त चाट समोसा सेन्टर के हितग्राही को नया टपरा प्रदान किया। वहीं कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा उन तीन अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई है।

## लाईसेंस फीस बढ़ने से केंट क्षेत्र के व्यापारी परेशान

**जबलपुर।** केंटोनमेंट क्षेत्र में व्यापार करने के लिये लाइसेंस अनिवार्य करने के साथ ही केन्टोमेंट बोर्ड ने फीस भी बढ़ा दी है। जिससे केंट क्षेत्र के रहवासी और व्यापारी खासा परेशान नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है जितनी फीस वसूलने की बात हो रही है, उससे छोटे व्यापारियों दुकानदारों की कमर टूट जाएगी। गौरतलब है कि पहले केंट बोर्ड द्वारा 10 रुपए फार्म के एवं 100 रुपए लाइसेंस फीस ली जाती थी और छोटे गुमटी वालों के लिए यह फीस 50 रुपए होती थी। अधिक से अधिक 200 रुपए से 400 रुपए तक होती थी। लेकिन अब अब केन्ट बोर्ड द्वारा नई नीति बनाकर सामान्य व्यापारियों के लिए यह फीस 2 हजार रुपए से 10 हजार रुपए तक एवं स्वर्ण व्यवसाइयों के लिए 20 हजार रुपए तक कर दी गई है। इसी तरह पेट्रोल पंप के लिए 50 हजार रुपए, शराब व्यवसाइयों के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए तक कर दिया गया है। वहीं केंट बोर्ड ने ताजा आदेश जारी कर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली दुकानों, प्रतिष्ठानों, बैंक, पेट्रोल पंप, अस्पताल, बारातघर इत्यादि के लाइसेंस बनाना अनिवार्य कर दिया है। अब केंट बोर्ड अमले ने लाइसेंस बनाने एवं टैक्स रिकवरी का अभियान शुरु किया है। जिससे यहां के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# अधिकारियों के नाम व नम्बर ग्राम पंचायतों में अंकित करें : कलेक्टर

## 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलेगा राजस्व महाअभियान

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलेगा। अतः राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रृटियों को ठीक करने के साथ राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा कि नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करें, नक्शा तरमीम, पीएम किसान का सेच्युरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र और आधार से लिंकिंग सहित आम जन की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करना है। उन्होंनें कहा कि 15 जनवरी तक पटवारी अपने ग्राम पंचायतों में बी-1 का वाचन करें। पटवारी के मुख्यालय गांव में रहने के लिये दिन निश्चित हो जाए और यह उस गांव के पंचायत की दीवार में उल्लेखित हो। जिसमें उसके नाम व नम्बर भी अंकित रहें। इसके साथ-साथ कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार के नाम व नम्बर भी ग्राम पंचायतों की दीवार पर अंकित किया जाये ताकि आम जन को कोई भी परेशानी हो तो वह तुरंत उक्त नम्बरों से संबंधित अधिकारी से बात कर सके। उन्होंनें सभी अधिकारियों से कहा कि वे धैर्य के साथ फोन अटेंड अवश्य करें। यदि किसी करणवश फोन अटेंड नहीं कर पाते हैं तो कॉल बैक कर उनकी समस्याएं जाने। फोन अटेंड कर लेने से लोगों की प्रायः आधी समस्याएं वैसे ही दूर हो जाती है। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुने और निराकरण करें।

कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि 15 जनवरी से वे नियमित रूप से गांवों के भ्रमण पर रहेंगे और इस दौरान वे ग्रामीणों से भी पूछेंगे कि उनके पास कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार व पटवारी का नम्बर है या नहीं। अतः अधिकारी अपने वाट्सएप नम्बर क्षेत्र में सर्पुलेट करें ताकि आमजन से सीधा संपर्प रखने में सुगमता हो। उन्होंनें कहा कि आरआई सर्पिल स्तर पर 15 दिन में एक बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करें। दूरस्थ क्षेत्र के एसडीएम व तहसीलदार तथा जनपद स्तरीय अधिकारी बैठक में ऑनलाइन जुड़े थे।

## सेप्टिक टेंक के पुराने विवाद के चलते दर्ज कराई थी झूठी रिपोर्ट, अदालत ने दुर्भावना साबित पाकर आरोपित को दी राहत

**जबलपुर।** अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश अभिलाषा एन मवार की अदालत ने सेप्टिक टेंक के पुराने विवाद के चलते झूठी रिपोर्ट दर्ज करने के तथ्य को गंभीरता से लिया। सुनवाई पूरी होने के साथ ही दुर्भावना साबित पाकर आरोपित रतन नगर, जबलपुर निवासी रोहित हिरकने को राहत दे दी। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपित का पक्ष अधिवक्ता राजेश यादव ने रखा। उन्होंने दलील दी कि जिसके द्वारा उनके पक्षकार पर दोषारोपण किया गया व वयस्क युवती है अपने द्वारा किए गए कृत्यों के परिणाम को अच्छी तरह जानती है। उसके अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध बने थे। लिहाजा, उसकी सहमति के बिना जबरदस्ती का अरोप झूठा है। इसके अतिरिक्त दोनों परिवारों के बीच सेप्टिक टेंक को लेकर विवाद चल रहा था। हकीकत यह है कि जिसने आरोप लगाया वह किसी अन्य युवक के साथ भाग गई थी। इसी दौरान उसके परिवार ने आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का मौका खोज लिया। गढ़ा पुलिस ने भी ठीक से अनुसंधान किए बिना प्रकरण बना लिया। अदालत ने सभी बिंदुओं पर गौर करने के आद अपने फैसले में साफ किया कि अभियोजन संदेह से परे आरोप प्रमाणिक करने में असफल रहा है। लिहाजा, दुर्भावना के बिंदु को ध्यान में रखते हुए संदेह का लाभ देते हुए आरोपित को दोषमुक्त किया जाता है।

हाई कोर्ट की महत्वपूर्ण टिप्पणी , पति को मिल सकता है तलाक

# पत्नी द्वारा शारीरिक अंतरंगता से मना करना मानसिक क्रूरता

जबलपुर।

हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि शादी के बाद यदि पत्नी पति के साथ अंतरंगता से मना करे तो यह रवैया मानसिक क्रूरता की परिधि में रखे जाने योग्य है। इस तरह के प्रकरण में पति को तलाक मिल सकता है। उसकी तलाक की अर्जी वैध मानी जाएगी। लिहाजा, इस मामले में ट्रायल कोर्ट को अपना फैसला सुनाते समय मानसिक क्रूरता साबित होने के बिंदु को गंभीरता से लेना था। यही नहीं तलाक के प्रकरण में पत्नी का कोर्ट के निर्देश के बावजूद हाजिर न होना भी एक तरह की क्रूरता ही मानी जाएगी। हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान पति की ओर से अवगत कराया गया कि पत्नी ने शादी के बाद एक तो अंतरंगता से मना कर दिया ऊपर से ई-मेल के जरिए धमकी भी दी कि यदि उसे विवश किया गया तो वह आत्महत्या कर लेगी। इसके अलावा उसके और उसके माता-पिता के विरुद्ध पुलिस में झूठी एफआइआर भी दर्ज करा दी थी। दरअसल, इसी रवैये से बुरी तरह हलकान होकर तलाक की अर्जी दायर करनी पड़ी। किंतु वह अदालत के समक्ष हाजिर नहीं हुए, यह दूसरे तरह की क्रूरता के समान है।

### ट्रायल कोर्ट ने निरस्त कर दी थी अर्जी, जिसे हाई कोर्ट में दी गई चुनौती

इस मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा पति की ओर से दायर की गई तलाक की अर्जी को एकपक्षीय तरीके से निरस्त कर दिया था। उसी फैसले और डिक्री को हाई कोर्ट में याचिका के जरिए चुनौती दी गई। जिसमें ट्रायल कोर्ट के उस तर्क को चुनौती दी गई कि तलाक की डिक्री देने के लिए अधिनियम, 1955 में उपलब्ध किसी भी आधार को साबित करने में विफल रहा। बहरहाल, हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा, शादी न करना और शारीरिक अंतरंगता से इनकार करना मानसिक क्रूरता के बराबर है। हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी द्वारा शारीरिक अंतरंगता से इनकार करने पर पति द्वारा लगाया गया



मानसिक क्रूरता का आरोप साबित हो गया है और ट्रायल कोर्ट को फैसला सुनाते वक्त विचार करना चाहिए था। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी सुखेंदु दास विरुद्ध रीता मुखर्जी के न्यायदृष्टांत पर गौर किया। हाई कोर्ट ने साफ किया कि पति द्वारा तलाक के लिए दायर मामले में पत्नी की अनुपस्थिति दी क्रूरता के समान है।

### बार के पूर्व अध्यक्ष का किया स्मरण

**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. आदर्शमुनि त्रिवेदी के 72 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा। साथ ही हनुमान मंदिर में महाआरती हुई। अधिवक्ता समुदाय ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. त्रिवेदी के व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित किया। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रमन पटेल, एनडी अग्रवाल, डा. प्रशांत मिश्रा ने संबोधित किया। वकीलों ने रक्तदान का भी आदर्श पेश किया। रक्त संग्रहण का कार्य कोठारी हास्पिटल से आई टीम के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डा. नवीन कोठारी, डा. अभिजीत सिंह परिहार, डा. हर्ष रिछारिया डेंटिस्ट, कोठारी ब्लड बैंक की टीम, एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, अपूर्व त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, एसएस ठाकुर, हर्षुल त्रिवेदी शुभम तिवारी मिश्रा, दिनेश वैद्य, संजय सेठ, शुभम अग्रवाल, ऋषभ दुबे, मोंटू बर्मन, कल्पना ताम्रकार, देवयानी सोनी, श्रेया पाठक, अभय उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाषण, गीत, सम्मेलन, योगासन, निबंध-लेखन प्रतियोगिता का भी किया गया आयोजन

# सिहोरा खितौला के अनेक स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार



**सिहोरा।** नगर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये इसके अतिरिक्त स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी प्रमुख बातों और भाषण को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाता है साथ ही गीत, सम्मेलन, योगासन, निबंध-लेखन प्रतियोगिताएं आदि का आयोजन किया गया।

### सी एम राइज में कार्यक्रम का मुख्य आयोजन

सीएम राइस पंडित विष्णु दत्त शुक्ल उत्कृष्ट विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सुबह सामूहिक सूर्य नमस्कार का नगर स्तरीय आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों,प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर की विभिन्न शालाओं के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि महेंद्र अग्निहोत्री के मुख्यातिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता एवं एसडीएम अर्चना कुमारी विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और मध्य प्रदेश का सामूहिक गान मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय की उपस्थिति में जिला योग प्रभारी धर्मशिला दुबे,योग शिक्षक सुधा उपाध्याय एवं बलराम उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को सामूहिक सूर्य नमस्कार कराया।

### लालचंद हायर सेकंडरी स्कूल खितौला

शासकीय लालचंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार सिहोरा में युवा दिवस के अवसर में सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य,पार्षद अजय बेटू शर्मा,रमेश पटेल, समाजसेवी अनिल पिल्लई की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्य श्रीमती निधि दुबे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा संचालन संतोष प्यासी द्वारा किया गया।

### शासकीय यशोदा बाई स्कूल खितौला

एकीकृत शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ किया सूर्य नमस्कार एंव बारह मुद्राओं व प्राणायाम किया। विद्यालय प्राचार्य जे एल खांडे की उपस्थिति में योग प्रभारी अंजना खरे एवं महेन्द्र त्रिपाठी,समाजसेवी राकेश पहारिया द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक जयप्रकाश तिवारी, एन के पटेल, संतोषी कोरी, दीप्ति सिंह, अंजना खरे, रंजना चौरसिया,प्रियंका नायक, नीता कुररिया, मंजू दुबे, सरिता तिवारी, आरती नायक, रजनी महोबिया, रमा पाठक, महेन्द्र त्रिपाठी, अहसान उल अंसारी शासकीय प्राथमिक शाला लखराम से प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी योगेंद्र मिश्रा सहित छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।




## नन्हें स्काउट-गाइड वालेंटियर्स ने भी किया सूर्य नमस्कार

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय और यूनिसेफ के द्वारा चलाए जा रहे CLAP प्रोजेक्ट के अंतर्गत भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जबलपुर और यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया साथ ही सभी स्काउट्स द्वारा हाथ में पौधा लेकर गोहलपुर क्षेत्र में भ्रमण किया और जन सामान्य को क्लाइमेट चेंज के दुष्प्रभाव को रोकने जागरुक किया गया। उक्त कार्यक्रम स्टेट कोर्डिनेटर श्री राजीव जैन, सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री ललित कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सोनल तिवारी, डिस्ट्रिक हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में स्काउट्स और गाइड्स द्वारा कार्यक्रम को संपन्न किया।

# 72वें जन्मोत्सव पर ब्रह्मलीन आदर्श मुनि त्रिवेदी को अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन

## महाआरती के साथ आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर




**जबलपुर।** संघर्ष की प्रतिमूर्ति दिवंगत ब्रह्मलीन पंडित आदर्श मुनि त्रिवेदी जी के 72वें जन्मोत्सव पर हाई कोर्ट परिसर में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वर्गीय श्री त्रिवेदी को बड़ी संख्या में वकील समुदाय ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हर स्तर तथा हर वक्त पंडित आदर्श मुनि त्रिवेदी तत्पर रहते थे। खासतौर से वकीलों की किसी भी समस्या के लिए वह ना तो कोई चूक करते थे और ना ही उन्हें लाभ दिलाने का कोई मौका छोड़ते थे।

शुक्रवार को हाई कोर्ट परिसर स्थित आदर्श सभागृह में एक गरिमामय सभा का आयोजन किया गया। सभा को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रमन पटेल, एनडीअग्रवाल, डॉ. प्रशांत मिश्रा समेत अनेक अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने ब्रम्हलीन श्री त्रिवेदी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की और अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवा कर चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर में दवाइयों का भी वितरण किया गया। अधिवक्ताओं ने ब्रह्मलीन त्रिवेदी जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान भी किया। रक्त संग्रहण का कार्य कोठारी हॉस्पिटल से आई टीम के द्वारा किया गया। दोपहर 1:30 बजे हाई कोर्ट परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन व महाआरती का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर नवीन कोठारी, डॉक्टर अभिजीत सिंह परिहार, डॉक्टर हर्ष रिछारिया डेंटिस्ट, कोठारी ब्लड बैंक की टीम, एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, अपूर्व त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, एस एस ठाकुर, हर्षुल त्रिवेदी, शुभम तिवारी मिश्रा, दिनेश वैद्य, संजय सेठ, शुभम अग्रवाल, ऋषभ दुबे, मोंटू बर्मन, कल्पना ताम्रकार, देवयानी सोनी, श्रेया पाठक, अभय उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## श्री गुरुनानक महिला महाविद्यालय में युवा दिवस का आयोजन



**जबलपुर।** श्री गुरुनानक महिला महाविद्यालय में 12 जनवरी को युवा दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष स. जीएस बांगा, सचिव सरदार जसप्रीत सिंह आहूजा, कोषाध्यक्ष रविन्दर सिंह दुआ एवं महाविद्यालय की प्राचार्य विमलकांत सैनी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और दर्शन का सम्मान करना चाहिए युवाओं को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक रूप से प्रसारित करने के लिए सशक्त बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ. विधि जैन एवं प्राची सिसोधिया ने किया एवं सभी सहायक प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

## भारत पुनरुत्थान के शिल्पकार थे स्वामी विवेकानंद



**जबलपुर।** विवेकानंद उन महानायकों की श्रेणी में हैं, जिन्होंने अपने पराक्रम से इतिहास बनाया। इसी उद्देश्य को लेकर संत अलायसियस महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया जिसे छात्र-छात्राओं ने विविध वेशभूषा में पूरे उल्लास के साथ मनाया। छात्राओं ने विविध वेशभूषा के माध्यम से विभिन्न संस्कृतियों को दर्शाया, वहीं दूसरी ओर पोस्टर के माध्यम से यातायात सुरक्षा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व ग्रीन जबलपुर क्लीन जबलपुर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासु के निर्देशन में एवं डॉ. अभिलाष शुक्ल व अखिलेश पाठक द्वारा कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में किया गया। दीक्षा, मान्या विवेकानंद की झांकी के रूप में, मेहल व खुशी बुंदेली संस्कृति में, सिमरन व मराठी संस्कृति में, साथ ही पोस्टर में रिमिका, सुधा, प्रियंका, कोमल, गुनगुन, अनुष्का, कशिश व श्रुति उपस्थित थे।

# लालचंद हाई स्कूल में पार्षद बेटू शर्मा ने किया बच्चों को शूज एवं मोजे का वितरण



**सिहोरा।** उपनगर खितौला के शासकीय लालचंद हाईस्कूल में अध्यनरत बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद समाजसेवी अजय बेटू शर्मा एंव उनकी टीम ने स्पोर्ट्स शूज का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में समाजसेवी पूर्व पार्षद विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य,अनिल पिल्लई,पार्षद अजय बेटू शर्मा,रमेश पटेल, जितेन्द्र शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। विदित हो इस स्कूल में अनेक बच्चे गरीब तबके के बढ़ते है जिनको इस भीषण ठंड में बिना जूते के स्कूल जाने मजबूर होना पड़ता था पार्षद एंव उनके साथियों ने इस परेशानी को समझने के बाद लगभग आधा सैकड़ा से अधिक स्कूल के छोटे बच्चों को शूज एंव मोजे का वितरण किया। जूता और मोज़ा प्राप्त करने वाले बच्चों का कहना था कि अब हमें सुबह स्कूल आने में कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि पहले हम लोग चप्पल पहन कर आते थे तो पैरों में बहुत ठंड लगती थी अब हम बहुत खुश हैं और समय पर स्कूल आएंगे और आगे की पढ़ाई जारी रखेंगे अंत में वरिष्ठ समाजसेवी एंव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा की पीड़ित मानवता की सेवा करना ही इंसानियत है, सच्चा धर्म है, उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि हमेशा हमें इंसानियत के रास्ते पर चलकर एक दूसरे की मदद करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय समस्त स्टाफ भी उपस्थित था।

## युवा दिवस पर 87 यूनिट किया रक्तदान

# WCREU यूथ विंग एवं महिला विंग द्वारा रक्त दान शिविर

**जबलपुर।** मंडल के रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बीमारी की स्थिति में खून के लिये इधर-उधर भटकना न पड़े। इस उद्देश्य से वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन यूथविंग एवं महिला विंग के तत्वावधान में दि. 12 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय जबलपुर में एक विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। यूथविंग एवं महिला विंग द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प के मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार ने युवाओं का उत्साहवर्धन कर शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में सीनि.डी.पी.ओ. श्री सुबोध विवकर्मा चिकित्सा निर्देशक डॉ. वीबीएस.राव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. निर्मला गुप्ता डॉ.आर.एन.मिश्रा **CMHO** डॉ. संजय मिश्रा एवं डॉ. संदीप चौहान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत यूनियन के मंडल अध्यक्ष का. बी.एन.शुक्ला, मंडल सचिव का. रोमेश मिश्रा, का. पैले"। यादव, जित्तू, का. आरती यादव, 'ऐशा नाविक सहित युनियन के अन्य पदाधिकारियो द्वारा किया गया। इस शिविर में 87 युवा, महिला एवं रेल कर्मचारियो ने रक्तदान किया। रानी दुर्गावती चिकित्सालय (लेडी एल्लिान) ब्लड बैंक जबलपुर के प्रभारी डॉ. तुगार गुप्ता, श्रीमती पुष्पलता तथा उनकी टीम के सहयोग व मार्गदर्शन में केन्द्रीय रेल चिकित्सालय की **ANO** श्रीमती रंजना गुप्ता, श्रीमती सुरामा मर्सह, ज्योतिबाला एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से इस आयोजन को सम्पन्न किया गया।

# क्राइम वॉच

## 2 किलो 250 ग्राम गांजा सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** खितौला पुलिस ने हिरन नदी पुल के आगे बरेली बायपास में मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 250 ग्राम गांजा, 3 मोबाइल जब्त किए है। खितौला थाना प्रभारी श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 3 सिहोरा निवासी 21 वर्षीय अरुण केवट और ग्राम कुशनेर पिपरिया पनागर निवासी 23 वर्षीय अजय केवट गत दिवस हिरन नदी पुल के आगे स्कूटी में गांजा बेचने के लिए खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिरन नदी पुल के आगे बरेली बायपास में दबिश देकर अरुण केवट और अजय केवट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 250 ग्राम गांजा एवं नीले रंग की होण्डा कम्पनी की डियो स्कूटी तथा 3 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## सट्टा लिखते सटोरिया पकड़ा गया

अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने निर्भय नगर में सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 हजार 920 रुपए और मोबाइल जब्त किया है। अधारताल थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि निर्भयनगर अधारताल निवासी 20 वर्षीय अनुराग अग्रवाल को गत दिवस अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने सट्टा पट्टी लिखते हुए गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सट्टा पर्ची, मोबाइल एवं नगदी 4 हजार 920 रूपये जब्त किए है। पुलिस ने सटोरिये के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

पनागर थाना अतंर्गत गुड़गवां में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड़गवां निवासी 32 वर्षीय श्रीराम गोंड का गत शाम लगभग 7 बजे सड़क दुर्घटना में घायल होने की वजह से सुमेर सिंह गोंड द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे श्रीराम गोंड की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर से 2 युवक घायल

माढ़ोताल थाना अतंर्गत बजरंग नगर में एक बाईक चालक ने दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग नगर निवासी 31 वर्षीय रिंकू नाविक गत दिवस अपने चचेरे भाई रोहित नाविक के साथ ढाबे से खाना खाकर पैदल घर आ रहा था। जैसे ही रात लगभग 9.45 बजे दोनों आस्था ढाबा के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक बाईक ने क्रमांक एमपी 20 एनजे 1172 के चालक ने पीछे से रोहित नाविक और श्रवण कुमार तिवारी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों के हाथ, पैर और शरीर में चोटें आ गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बाईक चालक कटंगी बायपास की तरफ भाग गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## शराब पीने के लिए रुपए नही देने पर बड़े भाई से की मारपीट



बेलबाग थाना अतंर्गत बेलबाग टोरिया में शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने पर पैसे नहीं देने पर छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ गालीगलौज कर पेपर कटर से हमला कर घायल कर दिया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलबाग टोरिया निवासी 30 वर्षीय शंभू कश्यप गत रात लगभग 10.30 बजे अपने पिता सुनील कश्यप के साथ घरेलू चीजों को लेकर बातचीत कर रहा था तभी छोटा भाई सपन कश्यप बाहर से आवाज देकर उसे बुलाया और उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा, मना करने पर सपन उसे गालीगलौज करते हुए पेपर कटर से कान पर हमलाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 327, 294, 324, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## घरेलू गैस आटो में रिफलिंग करते आरोपी गिरफ्तार

पनागर थाना अतंर्गत तुलसी कालोनी में आटो में अवैध रुप से घरेलू गैस सिलेंडर से आटो में गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू एवं 1 रिफ्लिंग मोटर तथा गैस रिफलिंग के नगदी 670 रूपये जब्त किए है। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि बड़े जैन मंदिर के पास पनागर निवासी 23 वर्षीय शिवम साहू गत शाम तुलसी कालोनी मैदान में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर को इलेक्ट्रानिक पंप के माध्यम से गैस आटो में रिफलिंग कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शिवम साहू को गिरफ्तार कर लिया वहीं आटो चालक अपना आटो लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक इण्डेन कम्पनी का सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, गैस रिफलिंग मोटर पम्प जिसमें 2 पाईप लगे, नगदी 670 रूपये जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध 285 तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती राजकुमारी राजपूत-** हाउबाग बेन मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री कल्लू सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी राजपूत (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा देवी भदौरिया-** अधारताल निवासी श्री सोने सिंह भदौरिया की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा देवी भदौरिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल चौधरी-** पश्चिमी करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री श्याम लाल चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जागेश्वर पटेल-** आदर्श नगर कटरा अधारताल निवासी श्री जागेश्वर पटेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा बाई ठाकुर-** जीसीएफ राम मंदिर के सामने निवासी श्री रामभजन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा बाई ठाकुर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पूनम-** सदर निवासी श्री रीतेश की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजीव शर्मा-** एमआईजी 12, हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री राजीव शर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अवतार सिंह-** चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री अवतार सिंह (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगत कुमार रैकवार-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री जगत कुमार रैकवार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रशेखर तिवारी-** पवन होम्स जयनगर निवासी श्री चंद्रशेखर तिवारी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सत्य प्रकाश रामचंदानी-** गोपाल होटल साईं मंदिर के पास निवासी श्री सत्य प्रकाश रामचंदानी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र त्रिपाठी-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री वीरेंद्र त्रिपाठी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जमुना बाई राजपूत-** शीतलामाई भटनागर अस्पताल के पीछे निवासी श्री महादेव राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना बाई राजपूत (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्री लल्लन सिंह-** राजपुर बिहार निवासी श्री लल्लन सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला बाई अहिरवार-** सिद्धबाबा रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री भद्दी लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई अहिरवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई सेन-** पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री महेश सेन की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई सेन (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र रजक-** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री सुरेंद्र रजक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# अनुराग की 'मेट्रो..इन दिनों' को मिली नई रिलीज तारीख

**मुंबई।** 'गैंगस्टर', 'बर्फी' और 'लाइफ इन अ मेट्रो' जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके अनुराग बसु पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'मेट्रो..इन दिनों' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, अब 'मेट्रो..इन दिनों' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। पहले यह फिल्म इसी साल 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख में बदलाव किया है। सारा और आदित्य की 'मेट्रो...इन दिन' अब 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है। यह मल्टीस्टारर फिल्म है।



लाइफ Style

# भूमि
## ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है।

अपने अभिनय करियर की शुरुआत के बाद से भूमि पेडनेकर ने अपनी विविध भूमिकाओं के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपने लिए एक अनोखी जगह बनाई है। पिछले साल भूमि पेडनेकर की चार फिल्में 'भीड़', 'अफवाह', 'थैंक यू फार कॉलिंग' और 'लेडी किलर' रिलीज हुईं। इस साल उनकी दो फिल्में 'भक्त' और 'मेरी पत्नी का रीमेक' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली हैं लेकिन भूमि पेडनेकर की नजर ओटीटी पर है। भूमि पेडनेकर फिलहाल ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं। इस बारे में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत में स्ट्रीमिंग कंटेंट की लोकप्रियता अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है। एक लंबा प्रारूप एक कलाकार को वास्तव में अपने चरित्र में जीने और कुछ ऐसा बनाने का मौका देता है, जो वास्तव में प्रतिष्ठित हो सकता है। मैं बहुत सारे शो का प्रशंसक हूं। मैं इसमें आने वाली सभी सामग्री का दर्शक हूं।

हॉलीवुड मसाला



# एक्स-मेन फेम नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता एडन कैंटो का निधन हो गया है। एडन कैंटो की मौत से हॉलीवुड में शोक छा गया है। एडन ने 42 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। रिपोर्ट के अनुसार एडन कैंटो की मृत्यु अपेंडिक्स कैंसर से हुई। एडन कैंटो के परिवार में उनकी पत्नी स्टेफनी एन कैंटो और दो बच्चे रोमन एल्डर और ईव जोसेफिन हैं। 1981 में मैक्सिको में जन्मे और टेक्सास में पले-बढ़े एडन ने 16 साल की उम्र में मैक्सिको सिटी में एक गायक और गिटारवादक के रूप में अपना करियर शुरू किया।



# अली जुड़ेंगे हॉलीवुड एक्शन फ्रैंचाइजी से

**लॉस एंजिलस।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है। जेरार्ड बटलर अभिनीत इस फिल्म की अगली किस्त को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कंधार' को दुनियाभर में मिली शानदार प्रतिक्रिया ने निर्माताओं को इसका सीक्वल बनाने के लिए प्रेरित किया है और अली इस सफल फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनने वाले पहले भारतीय अभिनेता बन इतिहास रचने वाले हैं।



# अंजली ने खरीदा करोड़ों का घर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अंजली अरोड़ा को आज हर कोई जानता हैं। अपने शानदार डांस मूव्स से उन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया था। बता दें कि 24 साल की अंजली अरोड़ा लग्जरी लाइफ जीने की शौकीन हैं। महंगी-महंगी कारों के साथ ही अब उन्होंने खुद का घर खरीद लिया है। जिसकी कीमत 4 करोड़ बताई जा रही है। एक्ट्रेस ने घर के ग्रह प्रवेश का वीडियो इंटरनेट पर साझा किया। हाल ही में अंजली अरोड़ा ने अपनी के लिए एक गाड़ी भी ली है, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। अंजली ने कार का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए बताया था, कि यह उनका खुद के लिए एक गिफ्ट है। रिपोर्ट की मानें तो अंजली अरोड़ा की नेटवर्थ 3 करोड़ रुपये है और आज एक्ट्रेस किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं।



# 'देवराः पार्ट 1' की पहली झलक रिलीज...

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज हो गई है। कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म 'देवराः भाग 1' नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। अनिरुद्ध रविचंदर ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज कर दी गयी है। यह शानदार झलक फिल्म के भव्य पैमाने और देवरा के किरदार का परिचय देती है। एनटीआर जूनियर ने हर भाषा में अपने रोंगटे खड़े कर देने वाले डायलॉग को परफेक्शन के साथ पेश कर सबको चौंका दिया है। 'देवराः पार्ट 1' में सह-कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर हैं। यह फिल्म 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

टीवी मसाला




# कॉफी विद करण शो में जीनत-नीतू ने शेयर किए कई मजेदार किस्से

**नई दिल्ली।** इस बार कॉफी विद करण सीजन 8 के 12वें एपीसोड में मेहमानों के तौर पर दो बॉलीवुड लीजेंड जीनत अमान और नीतू कपूर आईं। दोनों ने करण के साथ खुलकर बातें कीं। साथ ही, अपने जमाने की खट्टी-मीठी यादें भी साझा कीं। नीतू और जीनत के बीच शो के दौरान कमाल की बॉन्डिंग दिखी। जहां नीतू ने जीनत के बारे में बताया कि वो अपने डायट का बहुत ख्याल रखती थीं। वहीं, जीनत ने बताया कि नीतू को जब उन्होंने पहली बार पर्दे पर देखा तो वो उन्हें बहुत अच्छी लगीं। नीतू ने जीनत की तारीफ में बताया कि ये उस जमाने में भी आज की महिला जैसी थीं, बोल्ड और बेबाक। अगर इन्हें सेक्सीनेस की दुकान कहा जाए तो गलत नहीं होगा।

## दोनों ने एक साथ की हैं कई फिल्में

दोनों ने ही उस दौर को याद किया जब वो एक साथ पर्दे पर दिखीं। उन्होंने उन फिल्मों के नाम भी गिनाए और बताया कि उन्होंने धरमवीर, यादों की बारात, हीरालाल पन्नालाल, द ग्रेट गैंबलर जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। उन्होंने रेखा, परवीन बॉबी और हेमा मालिनी से जुड़ी बातें भी कीं और इन सबसे अपनी दोस्ती को भी जाहिर की।

## ऋषि कपूर से जुड़े शेयर किए किस्से

इस बीच नीतू कपूर, करण जौहर और जीनत अमान तीनों ने ही ऋषि कपूर से जुड़े किस्से और यादें भी शेयर किए। नीतू कपूर ने ऋषि कपूर के बारे में बात करते हुए कहा कि वो हमेशा से बहुत घुले मिले नहीं थे अपने बच्चों के साथ। बेशक वो प्यार करते थे लेकिन जता नहीं पाते थे लेकिन उनके अंतिम समय जब हम न्यूयॉर्क में थे वो हमारी लाइफ का बेस्ट टाइम था। वो हमारे साथ पार्टी करते, लंच पर जाते और बच्चों से भी खुल कर बात करने लगे थे। नीतू ने ये भी बताया कि वो हमेशा से ही मेरा बहुत ख्याल रखते थे। वहीं जीनत ने उनके साथ एक गाने की शूटिंग के बारे में बात करते हुए हंसते हुए बताया कि ऋषि कपूर की हाइट मुझसे कम थी और हम लोगों को कव्वाली के लिए शूट करना था। सीन में उन्हें बड़ा दिखाने के लिए उनको कुशन में बैठने को कहा गया था और मुझे पतले से गद्दे पर ताकि मेरी हाइट कम लगे। लगता है कि ये उन्हें अच्छा नहीं लग रहा होगा। वहीं करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द इयर' की शूटिंग का किस्सा याद करते हुए बताया कि मैं हमेशा ऋषि कपूर को चिंटू अंकल कहता था। उन्होंने मुझे सख्त हिदायत दी थी कि मुझे सर या सिर्फ चिंटू कहना, ये अंकल-वंकल मत कहना।

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया
# शाहिद-कृति की जोड़ी 9 को जमाएगी रंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को रिलीज होगी। निर्माता दिनेश विजान ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं।'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं। अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है। शाहिद कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए बताया है कि फिल्म का नाम तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया है। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें। शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं, ऋतिक की धमाकेदार फिल्में

**मुंबई।** ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को हुआ था। ऐसे में उन्होंने कल अपना 50वां जन्मदिन मनाया। उनके जन्मदिन पर आप भी उनकी कुछ खास फिल्में देखना चाहते हैं तो इन दिनों उनकी उनकी एक्शन से भरपूर कई फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं हैं।

**वॉर :** ऋतिक रोशन की धमाकेदार फिल्म 'वॉर' अगर आपने नहीं देखा है तो इस खास फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकती हैं।

**अग्निपथ :** ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की जितनी तारीफ की जाए उतना कम है। इस धमाकेदार फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ऋतिक की करियर की सबसे बेस्ट फिल्मों में अग्निपथ भी आता है। इस फिल्म को दर्शकों की ओर से काफी पसंद किया गया है।

**फिल्म स्टार राकेश रोशन के घर 10 जनवरी 1974 को लिया था जन्म, मनाया 50वां जन्मदिन**



**बैंग बैंग :** एक्शन कॉमेडी से भरपूर ऋतिक रोशन की फिल्म 'बैंग बैंग' अगर आपने नहीं देखा है तो इस फिल्म को एक बार जरूर देखें। रितिक रोशन और कैटरीना कैफ की इस फिल्म को आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं। बैंग बैंग बॉलीवुड की महंगी फिल्मों की लिस्ट में आती है।

**धूम 2 :** ऋतिक रोशन की फिल्में काफी धमाकेदार होती हैं। ऐसे में दर्शक रिलीज से पहले ही उनकी फिल्मों का इंतजार करते हैं। वैसे ही 'धूम 2' भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**कृष- 3 :** एक्शन से भरपूर फिल्म देखना चाहते हैं, तो आपको 'क्रिश 3' जरूर देखना चाहिए। साल 2013 में रिलीज हुई इस फिल्म का जादू आज तक लोगों पर है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन ने धमाकेदार एक्टिंग से सभी को हैरान कर दिया था। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, विवेक ओबेरॉय और कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

## 'तहान', एक लड़के और उसके पालतू जानवर गधे बीरबल के जीवन पर आधारित
# विंटर वेकेशन में बच्चों के संग देखें बॉलीवुड की ये ज्ञानवर्धक व शिक्षाप्रद फिल्में

*मुंबई। बॉलीवुड की हर फिल्म बच्चों को नहीं दिखाई जा सकती है लेकिन बच्चों को पढ़ाई लिखाई, खेलकूद व एक्स्ट्रा स्किल एक्टिविटी के साथ उन्हें जीवन में आने वाली सिचुवेशन से रूबरू करवाना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए सबसे बेस्ट तरीका फिल्म दिखाना है। लेकिन, अक्सर मां-बाप के मन में यही सवाल रहता है कि अपने बच्चों को ऐसी कौनसी फिल्म दिखाएं। बता दें कि बॉलीवुड की बच्चों पर बनी कुछ ऐसी फिल्में हैं जो मनोरंजन करने के साथ जीवन में आने वाली सिचुएशन को भी दर्शाते हैं।*



### स्टेनली का डब्बा

इस फिल्म में मुख्यतौर पर फोर्थ क्लास के बच्चों पर फोकस किया है। क्लास में स्टेनली नाम का स्टूडेंट बहुत ही बुद्धिमान और मेहनती है। उसे क्लास के बच्चे बहुत प्यार करते हैं। स्टेनली किसी वजह से अपना टिफिन नहीं ला पाता तो वहीं दूसरी तरफ हिंदी के टीचर वर्माजी बच्चों के खाने पर नजर रखे हुए होते हैं। क्लास के बच्चे अपनी टिफिन का खाना स्टेनली को खिलाना चाहते हैं, लेकिन वर्मा सर को नहीं। वर्मा जी बच्चों को एक दूसरे की टिफिन से खाना खाने के लिए डांटते हैं लेकिन खुद वही काम करते हैं। फिल्म में बड़ों की कथनी और करनी के अंतर को बच्चे बहुत साफ तरीके से देखते और महसूस करते हैं।

### मां-बेटी की कहानी निल बटे सन्नाटा

निल बटे सन्नाटा मूवी गरीब मां-बेटी की कहानी पर बेस्ड है। बेटी को पढ़ाने के लिए मां लोगों के घरों में जाकर काम करती है ताकि वह पढ़ लिखकर नाम कमाए, लेकिन उसकी बेटी यह सोचती है कि जो काम मां करती है वही काम वह भी करेगी। मां अपने बेटी को मरे हुए सपने को जिंदा करना सिखाती है।

### स्लमडॉग मिलेनियर



यह मूवी झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों पर बनाई गई है। यह फिल्म दो भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है। वे दोनों भाई बचपन में हुए दंगे के कारण अनाथ और बेघर हो जाते हैं। फिल्म में यह बताया गया है कि गलत रास्ते पर चलने का अंजाम गलत ही होता है।

### भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती बम बम बोले

बम बम बोले फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई ड्रामा फिल्म है। फिल्म की कहानी भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती है इसमें भाई बहन के प्यार के रिश्ते को दर्शाया गया है।




### पालतू जानवर पर बनी फिल्म तहान

तहान फिल्म में एक लड़के और उसके पालतू जानवर गधे बीरबल के जीवन पर बेस्टड है। तहान आठ साल का बच्चा है जो अपने दादा, मां और बहन के साथ कश्मीर में रहता है। पूरी फैमिली इस उम्मीद में रहते हैं कि तहान के पिता एक दिन जरूर वापस आएंगे। एक दिन तहान के दादा की मौत हो जाती है जिसके बाद गांव के जमींदार तहान (पुरानी फिल्में) के दोस्त बीरबल को अपने साथ लेकर चले जाते हैं क्योंकि उसके परिवार ने उनसे कर्ज लिया होता है। तहान बीरबल के बिना नहीं रह पाता है। वह बीरबल को वापस लाने के लिए हर कोशिश प्रयास करता है। इस स्टोरी में उसके स्ट्रग्ल को दिखाया गया है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई



जबलपुर। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जन्म वर्षगांठ युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस कार्यक्रम का निर्देशन व अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक ने की। श्री चंडोक ने युवा दिवस के उद्देश्य को समझाते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से अनुशासन, एकाग्रता और कर्तव्य परायणता जैसी अच्छी बातें सीखनी चाहिए। आज के युवा इस देश के भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज के युवा अपनी ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हैं हमें इसी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित करना है एवं युवाओं को जागृत करना है यही इस युवा दिवस का उद्देश्य है। महाविद्यालय परिवार हमेशा इस कार्य में तत्पर और प्रयासरत रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. मनीष शाह, शिखा पाराशर, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, डॉ. संध्या कोष्टा, जीएस वालिया, डॉ. शशि दुबे, संजय गुप्ता एवं सभी प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर व्याख्यानमाला संपन्न

आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के तत्वावधान में प्रधान कार्यालय न्यू कंचनपुर शोभापुर हॉल में स्वामी विवेकानंद जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई, कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामीजी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित से हुआ, महासंघ ने जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया। आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोंटिया, शैलेष सिंह लोधी, राजेन्द्र बाबू, आनंदीलाल खलीफा, हेमन्त ठाकुर, श्रीमती लीला ठाकुर, अशोक गोंटिया ने व्याख्यानमाला में स्वामी विवेकानंद पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सतीश गोंटिया, गनेश उइके, संतोष कोल, हिमसागर मरकाम, एड. विनोद, मंगलेश मिश्रा, दयानंद दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर नशा छोड़ें युवा: वेदप्रकाश

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी पूर्व कलेक्टर वेदप्रकाश ने स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही वैदिक मंत्रों के साथ आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ितों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। उन्होंने उपचार ले रहे पीड़ितों से संवाद कर बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर, उनके विचारों को आत्मसात कर अपना जीवन सफल बना सकते हैं, समाज और राष्ट्र में शांति की स्थापना कर सकते हैं। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रूपेश पिंटू पटेल, सुनील पटेल, अभिषेक कोरी, आश्रम संचालक मुकेश कुमार सेन, संतोष अहिरवार, चंचल गौतम, मुकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे। अंत में रूपेश पटेल ने मुख्य अतिथि वेदप्रकाश को पुष्पमाला पहनाकर राम नाम जाप लेख की पत्रिका भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।





# महर्षि महेश योगी सनातन परम्परा के सशक्त ध्वजवाहक

### 22वें पत्रकारिता सम्मान समारोह में पत्रकार शुभम शुक्ला भी सम्मानित

जबलपुर। विश्व के 214 देशों में आध्यात्मिक क्रांति के जन्मदाता, वेदो और ध्यान को पुर्नप्रतिष्ठित करने वाले नर्मदा की माटी के गौरव पुत्र महर्षि महेश योगी की 106 जयंती पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पत्रकारिता के मापदेंडों का पालन करने वाले 15 पत्रकारों को महर्षि पत्रकारिता सम्मान से नवाजा गया। अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। विभिन्न अतिथियों ने इस अवसर पर महर्षि महेश योगी को न केवल सनातन-वेदों के सबसे सशक्त ध्वजवाहक अपितु भारतीय आध्यात्म के विश्वव्यापी पुर्नउद्धारक निरूपित किया। संस्थापक जादूगर एस. के. निगम ने बताया कि राममुद्रा सम्पूर्ण महर्षि जी द्वारा प्रारंभ यूरोप के 56 देशों में प्रचलन में है, 6 देशों के शासक अपने नाम के पूर्व राजा राम लिखते हैं। इसी वर्ष अयोध्या में रामायण विश्वविद्यालय प्रारंभ हो रहा है। आयोजन समिति के अनूप वर्मा, विजय जायसवाल, आरके टेहनगुरिया, राजीव गुप्ता, राजेश पाठक ने अतिथियों एवं पत्रकारों का स्वागत किया। दुलदुल घोड़ी व ढोलक की दमदार थापों के बीच शॉल-श्रीफल एवं अवार्ड से सभी चयनित पत्रकारों का सम्मान करते हुये आवार्ड प्रदान किये गये। चयन समिति में डॉ. पंकज शुक्ला, मनीष गुप्ता, प्रतुल श्रीवास्तव, अविनाश दीक्षित थे। इस वर्ष आयुर्वेद का सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ. हर प्रसाद स्थापक के साथ ही चयनित पत्रकारों शुभम शुक्ला, अनूप जैन, मंजू पाण्डे, राजेन्द्र गहरवार, दीप्ति मुले, हर्षित चौरसिया, विलोप पाठक, आदित्य विश्वकर्मा, इलेक्ट्रानिक्स मीडिया से सोमनाथ, मनीष श्रीवास्तव, फोटोग्राफी में अफरोज खान और अरविंद दुबे को पुरस्कृत किया। महर्षि संस्थान के अनूप वर्मा, राजू बेन, सुनीता जायसवाल, अमरजीत और मसूद भाई के भजन में विशेष सहयोग सतीश, रज्जन पटेरिया का रहा। कार्यक्रम के अतिथियों में उद्योगपति बाबू विश्वमोहन, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, डॉ. आनंद तिवारी, मुख्य वक्ता-वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र बाजपेई उपस्थित रहे।

# 57 वें निरंकारी संत समागम की तैयारियां जारी



जबलपुर। महाराष्ट्र के 57 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य रूप में आयोजन होगा। यह आयोजन 26, 27 एवं 28 जनवरी को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में सेक्टर 14 एवं 15, पतंजली फूड फैक्ट्री के पास, मिहान, सुमठाणा, नागपुर महाराष्ट्र के विशाल मैदान में होने जा रहा है। जिसमें जबलपुर से भी सैकड़ों की तदाद में निरंकारी मिशन के अनुयायी समागम में शामिल होने पहुंचेंगे। इसके पूर्व तैयारियों में भी हिस्सा लेने के लिए उनके अनुयायी पहुंच रहे हैं। सन्त निरंकारी मण्डल ब्रांच जबलपुर के मीडिया इंचार्ज सोहन अहूजा ने बताया कि इस विशाल आध्यात्मिक संत समागम को सफ ल बनाने हेतु 24 दिसंबर 2023 से ही विधिवत रूप में स्वैच्छिक सेवाओं का आरंभ हो गया है, उसके उपरांत से ही विदर्भ क्षेत्र के अतिरिक्त समूचे महाराष्ट्र से भी हजारों की संख्या में निरंकारी सेवादल के सदस्य, स्वयंसेवक एवं श्रद्धालु भक्त बड़ी ही लगन, निष्ठा और निष्काम भावना से समागम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

## जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



जबलपुर। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर सहेली एवं फेडरेशन की ऑफि सर डॉक्टर कावेरी शॉ पटेल के नेतृत्व में जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया, ताकि यह स्वयं को ठण्ड से बचा सकें। इस दौरान इंदुलता प्यासी, डॉ संध्या ब्रजपुरिया, डॉ जी के मल्होत्रा, मनोरम स्वामी, वेदप्रकाश, शाश्वत एवं शरण्य पटेल आदि मौजूद रहे।

## निगम संविदा कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेतनमान का आदेश



जबलपुर। अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के द्वारा लगातार संविदा सफाई कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेतनमान का लाभ दिलाने हेतु कई वर्षों से लगातार प्रयास जारी है, जिसमें अमित मेहरा जी के द्वारा नगर पालिक निगम, जबलपुर के निगमायुक्त, अपर आयुक्त, स्थपना लिपिकों से लेकर नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग भोपाल का दौरा लगातार किया जा रहा है। अमित मेहरा एवं उनके संघ के समस्त पदाधिकारियों के अथक प्रयासों के द्वारा नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, भोपाल के नगरीय आयुक्त के द्वारा आज दिनांक को समस्त संविदा सफाई संरक्षकों को 100 प्रतिशत वेतनमान प्रदान किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

## शासकीय कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार द्वारा सुरू की गयी कैषलैस मेडिक्लेम सुविधा का लाभ न मिलने से कर्मचारियों ने फिर सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ देने के लिए वित्त विभाग को मेडिकल राशि का निर्धारण करना था, परंतु इस विषय पर सरकार की मोहर नहीं लग पाई और कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि प्रदेष के कर्मचारियों के लिए कैषलेस उपचार योजना हेतु आदेष जारी किये जाएं।

# लाभले भाग्य आम्हाला बोलतो मराठी

जबलपुर।





श्री दत्त भजन मंडळ, महाराष्ट्र शिक्षण मंडळ महाराष्ट्र वाचनालय, मराठी साहित्य अकादमी भोपाल के संयुक्त तत्त्वावधान आयोजित, लोकमान्य तिलक स्मृती मकर संक्रमण व्याख्यानमाला के तिसरे दीन "मराठी असे आमुची मायबोली" विषय पर बोलते हुए प्रसिद्ध टीव्ही आर्टिस्ट तथा सिनेमा कलाकार विघ्नेश जोशी ने कहा की, मराठी ये हमारे लिये केवल "भाषा" नहीं अपितु "संस्कृति" हैं, तथा हमारे हृदय का स्पंदन हैं. विगत अनेक जन्मों के पुण्य के फलस्वरूप, मराठी मिट्टी महाराष्ट्र मे हमारा जन्म हुआ. मातृभाषा मे शिक्षित होने के कारण हमारे विचार प्रगल्भ बने। हम शालेय पुस्तकों में शिवाजी राजा की कथा पढ़ते हुए बडे हुए. आषाढी कार्तिकी उत्सव में मराठी अभंग के भक्तीरस मे डूबे. ज्ञानेश्वरी, तुकाराम की गाथा, दासबोध, सुनकर हमारा यौवन खिल उठा. मराठी कादंबरी ययाती,मृत्युंजय का आस्वाद ने हमे मराठी भाषा शैली की उदात्त उन्नत संपदा का मुरीद बनाया।

प्रारंभ मे अतिथी वक्ता का स्वागत डॉ. जयंत तनखिवाले ने किया.आभार प्रदर्शन डॉ. आयुषी मुठे तथा मंच संचालन श्री विजय भालेराव ने किया. इस अवसर पर श्रीमती जया पागे, आभा दातार,डॉ. शिरीष नाईक, भाग्यश्री पाटणकर आभा गोरे, श्रीमती सुमेधा पोळ, डॉ. सुनील देशपांडे श्री प्रमोद पाठक, विश्वास पाटणकर, श्री विजय भावे, सुधीर बेडेकर, श्री प्रमोद पाठक उपस्थित थे।



## सदर गोरखपुर क्षेत्र बना हेलमेट जोन

जबलपुर। विगत 1 जनवरी 2024 को शहर के दो मार्गों को हेलमेट जोन घोषित किया गया था। उक्त मार्ग पर दो पहिया चालकों के लिए हेलमेट एवं कर चालकों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य किया गया था। इसी कड़ी में आज पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर आदिशंकराचार्य चौक से आजाद चौक और गढ़ा त्रिपुरी चौक से पिसनहारी मढिया मार्ग पर नई व्यवस्था लागू गई है। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यह कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके चलते आज 10 जनवरी से गोरखपुर क्षेत्र अंतर्गत छोटी लाइन फाटक से आजाद चौक तक के मार्ग को हेलमेट एवं सीट बेल्ट अनिवार्य जोन बनाया गया है। उक्त मार्ग पर आज सुबह 11 बजे से व्यवस्था लगा दी गई है, उल्लेखनीय है कि इसके पहले थाना कैंट अंतर्गत सदर मेन रोड पैंटी नाका चौक से गणेश चौक और थाना सिविल लाईन अंतर्गत चुंगी नाका से इलाहबाद चौक तक के मार्ग को हैल्मेट एवं सीट बैल्ट जोन घोषित किया जा चुका है, जहां पर लोग हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग किए बिना नहीं गुजर सकते हैं।

## अचैया कोरी नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नियुक्त

जबलपुर। नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक रिंकुज विज (रिंकू) जी एवं महामंत्री भगवानदास चौधरी जी के द्वारा आज दिनांक 08/01/2024 को कोर कमेटी की बैठक ली गई। इस बैठक में नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद को काफी समय से रिक्त होने के कारण अध्यक्ष पद हेतु अचैया कोरी जी का नाम प्रस्तुत किया गया। जिसमें कोर कमेटी के अध्यक्ष रामाराव मगरदे , संरक्षक रिंकुज विज (रि) जी एवं महामंत्री भगवानदास चौधरी जी के साथ कोर कमेटी के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि श्री अचैया कोरे जी को नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।



## भारतीय जनता पार्टी की महिलाओं ने पीले अक्षत घर-घर वितरित किये

जबलपुर। आज हर घर राम हर घर अयोध्या अक्षत यात्रा के क्रम में दरहाई जवाहरगंज वार्ड सराफा बाजार मे श्री राम मन्दिर के पीले अक्षत व श्री राम मन्दिर के पत्रक वितरित किये गए, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री श्रीमती डिंपी विश्वकर्मा, नगर सोशल मिडिया प्रभारी सुश्री उमंग सोनी, युवा स्वर्णकार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सोनी, समाजसेवी वर्षा महतो, सुषमा सराफ, संजना, निधि नरवरिया, निकिता सराफ, मोनिका सोनी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।



## केंद्रीय कर्मचारियों की भाँति दिया जाए संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दो बच्चों के एजुकेशन पर अलाउंस मिलता है, जो प्रति बच्चा 2250 रुपये है. दो बच्चों पर कर्मचारियों को हर महीने 4500 रुपये सैलरी में जुड़कर मिलते हैं. जबकि राज्य सरकार के अधिकारी और कर्मचारियो को नही मिलता है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियो को भी संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता दिया जाए।जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम , एस. बी. रजक, निलेश खरे, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है।



## रांझी तहसील में अधिवक्ताओं के लिए शेड बनाने की मांग

जबलपुर। रांझी तहसील अधिवक्ता संघ के द्वारा नव नियुक्त कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया गया, अध्यक्ष जगदीप प्रकाश टीटू ने कलेक्टर के साथ शिष्टाचार भेंट की रांझी तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा रांझी में नव निर्मित तहसील भवन में अधिवक्ताओं और पक्षकारों के बैठने और आवश्यक सुविधाओ के लिए शेड बनाने के लिए ज्ञापन दिया गया, साथ ही तहसीलदार कार्यालय में पदस्थ पूरे स्टॉफ का स्थानांतरण करने और दलालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए भी ज्ञापन सौंपा गया। जिला कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने सारी शिकायतो को गंभीरता से सुना और समझा, उन्होंने संघ को भरोसा दिया की इस संबंध में कार्यवाही आवश्यक रूप से की जाएगी। संघ की ओर से सचिव एल बी एस बघेल, कोषध्यक्ष संतोष जोशी, सर्वेश त्रिपाठी, विनय भूषण तिवारी, प्रहलाद चौधरी, रविन्द्र दत्ता, परमिंदर लांबा, संदल वाजपेई, परमानंद सिंह, अरविंद साहू, धर्मेंद्र पटेल, रवि केवट, माधुरी साकेत, सी एल परनामी, अमित कोहली, राहुल नवीन रैदास ठाकुर, प्रतीक पठारिया, प्रवेश कोल्हेकर, रीटा नोटियाल, सुनील मौर्य, कपिल गायकवाड, किशन चौधरी, बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/विज्ञप्ति**

रा.प्र.क्र.-12/अ-6/2023-24

पक्षकार :- प्रवीण कुमार जाधव पिता स्व. बापूराव जाधव-आवेदक

**बनाम**

श्रीमती शांति उर्फ सरला गायकवाड़ पति दीवाकर गायकवाड़ -अनावेदिक गण

एतद् द्वारा 1. श्रीमती शांति उर्फ सरला गायकवाड़ पति दीवाकर गायकवाड़ निवासनी पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर पिन नं. 495001 2.राजू गायकवाड़ पिता दीवाकर गायकवाड़ निवासी पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर पिन कोड 495001 3. पुष्कर गायकवाड़ पिता एविनेजर गायकवाड़ निवासी मिशन कम्पाउंड जबलपुर म.प्र. पिन कोड नं. 482001 4. मधुकर गायकवाड़ पिता एविनेजर गायकवाड़ निवासी रेसीडेंसी रोड नागपुर महाराष्ट्र पिन नं.440001 5. श्रीमती पुष्पलता सिंधे पति जे.सिंधे निवासीनी 7 डे मिशन कम्पाउंड मुम्बई महाराष्ट्र पिन कोड 400001 6. श्रीमती विजया डेवरिल पति आर.डेवरिल निवासी मराठा वार्ड बैतूल म.प्र. पिन नं.460665 को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 02 प्लाट नं. 37/2,38/1,39/2,46/2,53/1,54/1 रकबा 6532 वर्गफीट भूमि मे आवेदक एवं अनावेदकगण संयुक्त स्वामी है से सह स्वामिनी कु.नीला जाधव पिता स्व. बापूराव जाधव की मृत्यु हो जाने के कारण उनका नाम नजूल रिकार्ड से विलोपित कर फौती नामांतरण कराने के लिए इस न्यायालय को आवेदन पत्र पेश किया गया है जो वर्तमान में विचाराधीन है।

अत: इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 24/01/2024 को न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 08/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

# प्याज, लहसुन की मार्केटिंग पॉलिसी बनानी होगी : कुलपति डॉ. मिश्रा

## कृषि विवि में वार्षिक बैठक में जुटे वैज्ञानिक



जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना प्याज एवं लहसुन की दो दिवसीय 14वीं वार्षिक समूह बैठक का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्याआतिथ्य एवं डॉ. मेजर सिंह, सदस्य एएसआरबी, नई दिल्ली एवं डॉ. सुधाकर पांडे, एडीजी, नई दिल्ली के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई। मुख्यआतिथि की आंसदी कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्याज एवं लहसुन की बाजार व्यवस्था को सुचारू करने हेतु पॉलिसी बनानी होगी। ताकि प्याज एवं लहसुन की खेती करने वाले किसानों को इसका उचित मूल्य प्राप्त हो सके। आपने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से उन्नत किस्मों का परीक्षण कर सुगम रूप से किसानों तक उन्नत बीजों की उपलब्धता बनाई जाए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. मेजर सिंह, सदस्य एएसआरबी, नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्याज एवं लहसुन की उन्नत किस्मों को बढ़ावा देने के साथ ही भण्डारण हेतु उपयुक्त संरचानाओं के निर्माण में कार्य करना होगा। जिससे प्याज एवं लहसुन की उपलब्धता साल भर रखी जा सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधाकर पांडे, एडीजी, नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में अनुसंधान के माध्यम से प्याज की शंकर किस्मों को विकसित करने एवं इसकी उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना प्याज एवं लहसुन की दो दिवसीय वार्षिक समूह बैठक में अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू, अधिष्ठाता कृषि महाविलय डॉ. पी.बी.शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. अखिलेश तिवारी सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक शामिल रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, NIMISHA BINEESH (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. 15709028A RANK HAV NAME BINEESH M presently residing at VILL-PATTANNUR, PO- PATTANNUR, TEH-THALASSERY, DISTT-KANNUR (KERALA)-670595 I, have changed of my name from NIMISHA BINEESH (name as per my Husband army service record) to name NIMISHA K (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 12/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-NIMISHA K
INCORRECT NAME-NIMISHA BINEESH

**CHANGE OF NAME**

I, SERVICE NO. 15698553N RANK HAV NAME SANJAY KUMAR S/O RAJENDRA PRASAD UNIT HQ 1 STC, JABALPUR (MP) R/O VILL-CHIKNI, PO-RAMGARHWA, TEH-RAXUL, DIST- EAST CHAMPARAN (BIHAR)-845433 I, have changed name of my DAUGHTER from SRUTI KUMARI (name as per my army service record) to name SHRUTI KUMARI (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD AND EDUCATIONAL CERTIFICATE RECORD. vide affidavit dated 09/12/2023 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME- SHRUTI KUMARI
INCORRECT NAME- SRUTI KUMARI